# NCERT Solutions for 1st Class Hindi: Chapter 17-चकई के चकदुम

IndCareer Schools

indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for Class 1st Hindi: Chapter 17-चकई के चकदुम

Class 1st Hindi Chapter 17 Solutions - Complete Class 1 Hindi Chapter 17 Notes.

## NCERT Solutions for Class 1st Hindi: Chapter 17-चकई के चकदुम

NCERT 1st Hindi Chapter 17, class 1 Hindi Chapter 17 solutions

कविता का सारांश

'चकई के चकदुम' कविता के रचयिता रमेश तैलंग हैं। इस कविता के माध्यम से कवि ने ग्रामीण परिवेश का चित्रण बड़े ही सुंदर और सहज शब्दों में किया है। कवि बच्चों से कहता है कि आओ, हम तुम मिलकर गाँव में बनी झोंपड़ी में साथ-साथ रहें। ग्वाले की गाय का दूध हम-तुम मिलकर पिएँ। कवि कहता है कि हम-तुम मिलकर पानी में कागज़ की नाव तैराएँ और फुलवा की बगिया से फूल चुनें। अंत में वे खेल समाप्ति की घोषणा करते हैं और घर चलने को कहते हैं।

https://www.indcareer.com/schools/ncert-solutions-for-1st-class-hindi-chapter-17-chkaei-ke-chakdum/

काव्यांशों की व्याख्या

1. चकई के चकदुम, चकई के चकदुम!

गाँव की मडैया, साथ रहें हम-तुम।

चकई के चकदुम, चकई के चकदुम!

ग्वाले की गैया, दूध पिएँ हम-तुम।

शब्दार्थ: मडैया-झोंपड़ी। ग्वाला-गाय पालने वाला। गैया-गाय।

प्रसंग: उपर्युक्त पंक्तियाँ हमारी पाठ्यपुस्तक रिमझिम, भाग-1 में संकलित कविता 'चकई के चकदुम' से ली गई हैं। इस कविता के रचयिता रमेश तैलंग ने बड़े ही सरल और सहज शब्दों में बच्चों को ग्रामीण परिवेश से परिचित करवाया है।

व्याख्या: प्रस्तुत पंक्तियों में कवि बच्चों से एक बड़ा ही रोचक खेल 'चकई के चकदुम' खेलने के लिए कहता हैं। कवि कहता है कि हम-तुम मिलकर गाँव की झोंपड़ी में रहें और ग्वाले की गाय का दूध साथ मिलकर पिएँ।

2. चकई के चकदुम, चकई के चकदुम!

कागज़ की नैया, पार करें हम-तुम।

चकई के चकदुम, चकई के चकदुम!

फुलवा की बगिया, फूल चुनें हम-तुम।

चकई के चकदुम, चकई के चकदुम!

खेल खतम भैया! आओ चलें हम-तुम!

शब्दार्थ : नैया-नाव। बगिया-फुलवारी।

प्रसंग: पूर्ववत।

व्याख्या : उपर्युक्त पंक्तियों में कवि बच्चों से कागज की नाव बनाकर पानी में तैराने के लिए कहता हैं। वह कहता है कि हम-तुम मिलकर फुलवा की बगिया (फुलवारी) से फूल चुनें। अंत में वे खेल समाप्ति की घोषणा करते हुए अपने-अपने घर चलने के लिए कहते हैं।

प्रश्न-अभ्यास

**(पाठ्यपुस्तक से)**

हम**-**तुम**,** तुम**-**हम

चकई के चकदुम**,** कवि बनें हम**-**तुम।

चकई के चकदुम, चकई के चकदुम

अम्माँ की रसोई, खाना खाएँ हम-तुम।

चकई के चकदुम, चकई के चकदुम

फुलवारी में फूलों के संग खेल रहे हम-तुम।

चकई के चकदुम, चकई के चकदुम

चकई के चकदुम, चकई के चकदुमा

अब बनाकर देखो

प्रश्न **1.**

पढ़ो और उसका चित्र बनाओ।

कागज़ की नैया,
पार करें हम-तुम।

गाँव की मड़ैया,
साथ रहें हम-तुम।

फुलवा की बगिया,
फूल चुनें हम-तुम।

उत्तर :

विद्यार्थी चित्र स्वयं बनाएँ।

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 1 Hindi :

- Chapter 1 – झूला
- Chapter 2 – आम की कहानी
- Chapter 3 – आम की टोकरी
- Chapter 4 – पत्ते ही पत्ते
- Chapter 5 – पकौड़ी
- Chapter 6 – छुक-छुक गाड़ी
- Chapter 7 – रसोईघर
- Chapter 8 – चूहो! म्याऊँ सो रही है
- Chapter 9 – बंदर और गिलहरी
- Chapter 10 – पगड़ी
- Chapter 11 – पतंग
- Chapter 12 – गेंद-बल्ला
- Chapter 13 – बंदर गया खेत में भाग
- Chapter 14 – एक बुढ़िया
- Chapter 15 – मैं भी……
- Chapter 16 – लालू और पीलू
- Chapter 17 – चकई के चकदुम
- Chapter 18 – छोटी का कमाल
- Chapter 19 – चार चने
- Chapter 20 – भगदड़
- Chapter 21 – हलीम चला चाँद पर
- Chapter 22 – हाथी चल्लम चल्लम
- Chapter 23 – सात पूँछ का चूहा

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.